सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरी: सुक्खू

सीएम ने कहा, योजना के तहत सालाना 800 करोड़ रुपये खर्च होंगे

⇨ आत्मनिर्भर बनाने और वर्ष 2032 तक इसे देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है



जगमार्ग न्यूज

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरी है और उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और वर्ष 2032 तक इसे देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी ने जनता से जो वायदे किए थे, प्रदेश सरकार उनको पूरा करने के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने जो गारंटी दी थी उनमें से अधिकतर पूरी की जा चुकी हैं और बाकी जल्दी ही धरातल पर होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी गारंटी के मुताबिक, प्रदेश सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपये देने की घोषणा की है। इस योजना के तहत सालाना 800 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत लगभग पांच लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। योजना के तहत फार्म भरवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ताकि महिलाएं इस योजना का जल्द लाभ उठा सकें। इस योजना का पहला चरण फरवरी, 2024 से शुरू हुआ था। जिला लाहौल-स्पीति की महिलाओं व प्रदेश की 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये सरकार द्वारा मिलने लगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सभी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के अलावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। अतिरिक्त संसाधन जुटाने तथा युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के साधन सृजित करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने वायदे के अनुरूप, प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस का तोहफा दिया है। प्रदेश सरकार ने कार्यभार सम्भालते ही पुरानी पेंशन योजना बहाल की। अब तक 1.15 लाख कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को चुना है। पुरानी पेंशन योजना में आए सभी कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि के तहत आ गए हैं। लगभग 5,000 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन मिलनी आरम्भ हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना आरम्भ की गई है। पहले चरण में 50 प्रतिशत उपदान पर ई-टैक्सी और दूसरे चरण में निजी भूमि पर 50 प्रतिशत उपदान पर 500 किलोवॉट तक के सोलर पैनल लगाने का किया प्रावधान किया गया है। तीसरे चरण में राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना के तहत लगभग 36,000 किसान प्राकृतिक खेती से जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र से पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम शुरू किया जाएगा जिससे विशेष रुप से गांवों के बच्चों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध पर एम.एस.पी. देने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार ने गाय का दूध 45 रुपये प्रतिलीटर तथा भैंस का दूध का मूल्य 55 रुपये प्रति लीटर किया है।

भाजपा विधायकों ने अवमानना और विशेषाधिकार हनन के कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया

जगमार्ग न्यूज

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 28 फरवरी को हंगामा करने पर सदन की अवमानना और विशेषाधिकार हनन का कारण बताओ नोटिस पाने वाले भाजपा के नौ विधायकों ने सोमवार को अपना जवाब दाखिल किया और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष अपना पक्ष भी रखा।

कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी की शिकायत पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती, विनोद कुमार, हंस राज, सुरेंद्र शौरी, दीप राज, त्रिलोक जामवाल, इंदर सिंह गांधी और लोकेंद्र कुमार को 13 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और उन्हें 18 मार्च तक जवाब दाखिल करने को कहा गया। जवाब दाखिल करने के बाद विपिन परमार ने कहा कि सभी विधायकों ने विस्तृत जवाब दिया है और व्यक्तिगत रूप से भी विधानसभा अध्यक्ष के सामने अपनी बात रखी है और अब उनके जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने नंगल में एसजेवीएन की सौर परियोजनाओं का दौरा किया

रीना ठाकुर

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने अखिलेश्वर सिंह, निदेशक (वित्त) और अजय सिंह, सीईओ, एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के साथ आज गांव नैहला, जिला बिलासपुर, हि.प्र. में एसजेवीएन के 15 मेगावाट नंगल फ्लोटिंग सोलर परियोजना और 18 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सोलर परियोजना स्थल का दौरा किया। इस अवसर पर एसजेवीएन, एसजीईएल और बीबीएमबी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। गीता कपूर ने नंगल जलाशय में 15 मेगावाट की नंगल फ्लोटिंग सौर परियोजना के पीवी मॉड्यूल ऐरी के प्रथम लॉन्च का उद्घाटन किया। इस लॉन्च में 57.225 किलोवाट की कुल क्षमता के 105 मॉड्यूल को जलाशय में उनके फाईनल स्थल पर स्थापित करना और इसे स्थायी मूरिंग और एंकरिंग सिस्टम से जोड़ना शामिल है। यह परियोजना अपनी तरह की एक अनूठी परियोजना है जिसे भाखड़ा बांध के डाउनस्ट्रीम में विकसित किया जा रहा है। यह वर्तमान में उत्तरी क्षेत्र में विकसित की जा रही सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना है। एसजीईएल ने बीबीएमबी की ओर से एसईसीआई द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से 15 मेगावाट की नंगल फ्लोटिंग सोलर परियोजना हासिल की है। एसजीईएल और बीबीएमबी के मध्य 3.26 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए और इसे सीईआरसी द्वारा स्वीकृत गया। यह परियोजना प्रथम वर्ष के दौरान लगभग 33 मिलियन यूनिट ऊर्जा और 25 वर्षों में लगभग 756 मिलियन यूनिट की संचयी ऊर्जा का उत्पादन करेगी। परियोजना स्थल से विद्युत का ट्रांसमिशन समर्पित ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से किया जाएगा जिसे बीबीएमबी द्वारा विकसित किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान, गीता कपूर और श्री अखिलेश्वर सिंह ने हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नैहला गांव में 18 मेगावाट की ग्राउंड माउंटेड सौर परियोजना का भूमि पूजन भी किया। परियोजना के लिए एसजीईएल और बीबीएमबी के मध्य 2.63 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए। यह परियोजना चार अलग-अलग स्थानों पर बीबीएमबी के स्वामित्व वाली भूमि पर विकसित की जा रही है। कुल 16 मेगावाट के तीन स्थान पोंग बांध से सटे तलवाड़ा क्षेत्र में स्थित हैं और 2 मेगावाट नैहला गांव, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में स्थित हैं। यह परियोजना प्रथम वर्ष के दौरान लगभग 39.42 मिलियन यूनिट ऊर्जा और 25 वर्षों में लगभग 917 मिलियन यूनिट की संचयी ऊर्जा का उत्पादन करेगी। परियोजना स्थल से उत्पादित ऊर्जा का ट्रांसमिशन बीबीएमबी की समर्पित ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से किया जाएगा।

सी-विजिल एप कर सकते हैं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें: ओम कांत ठाकुर

जगमार्ग न्यूज

मंडी। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि मंडी विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के उचित कार्यान्वयन के लिए आदर्श आचार संहिता टीम और फ्लाइंग स्क्वॉड को सक्रिय कर दिया गया है। इसके साथ ही सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की चौबीस घंटे निगरानी के लिए एक आईटी सेल की स्थापना की गई है। इस एप पर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज करवा सकता है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र मंडी के सभी नागरिकों से लोकसभा आम चुनाव के सुचारू एवं सफल संचालन में अपना पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने की अपील भी की। सदर मंडी विधानसभा के नोडल अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी लोकसभा चुनावों के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का प्रभावी कार्यान्वयन करें। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के 48 घंटों के अंदर सभी सरकारी और सार्वजनिक स्थानों से प्रचार सामग्री को हटा दिया गया है और 72 घंटों के अंदर सभी निजी भवनों में लगी प्रचार सामग्री को हटाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने नोडल अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

चुनाव आयोग के फरमान के बाद हटाए गए हिमाचल के गृह सचिव अभिषेक जैन

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने सोमवार को बड़ा फैसला लिया है। चुनाव आयोग ने हिमाचल समेत कई राज्यों के गृह सचिव को अभिषेक जैन हटा दिया है। चुनाव आयोग की तरफ से यह आदेश जारी हुआ है। इस कड़ी में हिमाचल प्रदेश के गृह सचिव के पद पर कार्यरत अभिषेक जैन को भी हटा दिया गया है। वह 2002 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। दरअसल चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश के अलावा यूपी, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड के गृह सचिव को भी हटाने के आदेश दिए हैं। चुनाव आयोग के फरमान के बाद प्रदेश सरकार ने गृह सचिव अभिषेक जैन को उनके पद से रिलीव करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस सम्बंध में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से अधिसूचना जारी हुई है। अभिषेक जैन के पास गृह सचिव के अलावा विजिलेंस और आईटी का भी जिम्मा है। इसके अलावा वह वित्त, योजना, आर्थिकी व सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम, श्रम व रोजगार और प्रिंटिंग व स्टेशनरी तथा मुख्यमंत्री के सचिव का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे हैं।

ओवरऑल स्ट्रॉन्गेस्ट हैवी वेट में ईशान और लाइट वेट में शुभम कौशल ने मारी बाजी

जगमार्ग न्यूज

शिमला राजधानी शिमला के ईशान शर्मा और शुभम कौशल ने हरियाणा में आयोजित स्ट्रॉन्ग मैन प्रतियोगिता में स्ट्रॉन्गेस्ट हेवी वेट और लाइट वेट में ओवरल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। दोनो ही प्रतिभागी शिमला के रहने वाले है जो लक्कड़ बाजार स्तिथ अस्त्रा फिटनेस सेंटर में बीते दो साल से लगातार प्रैक्टिक्स कर रहे है। ईशान ने बताया कि उनके कोच अनिरुद्ध बैदी एशिया चैंपियन रह चुके है और उन्होंने इस मुकाम तक पंहुचने के लिए कड़ी मेहनत की है। ईशान ने बताया कि अब उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ईशान ने मात्र 19 साल की उम्र में स्ट्रॉन्गेस्ट हेवी वेट का खिताब हासिल कर अपने परिजनों और शिमला का नाम रोशन किया है। वही अस्त्रा जिम के मालिक विनय कुमार का कहना है कि जिस तरह आज के युवा नशे की तरफ बढ़ रहे है ऐसे में ईशान और शुभम द्वारा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर शिमला व पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

स्ट्रॉन्ग मैन प्रतियोगिता में खिताब जीतने वाले शिमला के ईशान व शुभम। प्रदीप कुमार /जगमार्ग

बागी विधायकों पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला लोकतंत्र की बड़ी जीत: नरेश चौहान

जगमार्ग न्यूज

शिमला। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने हिमाचल प्रदेश के 6 बागी कांग्रेस विधायकों की याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय की आज की तारीख के मत का स्वागत करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से यह सिद्ध हुआ है कि लोकतंत्र में जनादेश का सर्वोच्च महत्व है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को बरकरार रखा है। यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को और मजबूत करने वाला निर्णय है। इससे यह भी साबित हुआ है कि जिन लोगों ने चुनी हुई सरकार को आघात पहुंचाने एवं अस्थिर करने का प्रयास किया, उन्हें कानून ने उचित रास्ता दिखाया है। नरेश चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 6 बागी विधायकों ने कांग्रेस के चुनाव चिन्ह और कांग्रेस के विचार पर जनादेश प्राप्त किया, पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ही सरकार को धोखा दिया। इन बागी विधायकों ने उन मतदाताओं का भी अपमान किया एवं उन मतदाताओं के साथ भी धोखा किया जिन्होंने इन विधायकों को अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाया, विधानसभा भेजा एवं अपना प्रतिनिधि चुना। उन्होंने कहा कि बागी विधायकों के स्वार्थी फैसले से देशभर में हिमाचल की ईमानदार छवि को भी ठेस लगी है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से दल-बदल कानून के निहित उद्देश्यों को और बल मिला है। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत हुई है। साथ ही यह उन लोगों के लिए भी कड़ा संदेश है जो अपने स्वार्थों के लिए अपनी विचारधारा के साथ-साथ अपने ईमान का भी त्याग कर देते हैं। नरेश चौहान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से देशभर में उन ताकतों को भी कड़ा संदेश मिला है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमज़ोर करने और सत्ता सुख के लिए संवैधानिक मर्यादाओं को लांघने में गुरेज नहीं करतीं। उन्होंने कहा कि अपनी पार्टी, विचार और जनादेश का सम्मान करना किसी भी जनप्रतिनिधि का सर्वोच्च दायित्व होता है। इस विचार को त्याग कर लोभ और सत्ता की कामना करने वाले तत्व कभी भी अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला निश्चित रूप से लोकतंत्र की बड़ी जीत है और यह मतदाताओं व जनादेश की आशाओं और आकांक्षाओं को संबल प्रदान करने वाला निर्णय है।

बैठक

लोकसभा चुनाव के संबंध में एमसीएमसी से राजनीतिक विज्ञापनों की प्री-सर्टिफिकेशन अनिवार्य: अनुपम कश्यप

आदर्श आचार संहिता के दौरान 24 घंटे सक्रिय रहेगी एमसीएमसी

⇨ एमसीएमसी का कार्य विज्ञापनों के माध्यम से प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाली सामग्री का मूल्यांकन करना रहेगा

गौरी दास

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहाँ मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति के सदस्य अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज, निदेशक पीआईबी शिमला प्रीतम सिंह, विशेष संवाददाता पीटीआई शिमला भानू पी. लोहमी व उप-निदेशक आईटी दीपक उपस्थित रहे। अनुपम कश्यप ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में एमसीएमसी द्वारा सभी समाचार पत्रों, रेडियो, टीवी, ई-पेपर, बल्क संदेश और सोशल मीडिया पर प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाले विज्ञापनों व पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने इस संदर्भ में विज्ञापन देने के लिए उम्मीदवार की ओर से जिला स्तरीय एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त करने का आग्रह किया ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जो कोई भी उम्मीदवार प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करना चाहता है वह समय रहते एमसीएमसी समिति से प्री-स्टीफिकेशन के लिए आवेदन करें ताकि निर्धारित प्रक्रिया के तहत विज्ञापन को प्रसारित एवं प्रकाशित करने की अनुमति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई उम्मीदवार पेड न्यूज़ प्रकाशित एवं प्रसारित करवाता है तो रिटर्निंग अधिकारी की ओर से संबंधित उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जाए, जिसका उम्मीदवार को निर्धारित अवधि के भीतर उत्तर देना अनिवार्य रहेगा। उम्मीदवार के उत्तर पर जिला स्तरीय एमसीएमसी निर्णय लेगी। पेड न्यूज़ घोषित होने पर उम्मीदवार के चुनाव खर्चे में भी इसे शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त एमसीएमसी का कार्य विज्ञापनों के माध्यम से प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाली सामग्री का मूल्यांकन करना रहेगा। यदि किसी भी विज्ञापन में किसी धार्मिक स्थल, रक्षा कर्मी, किसी अन्य पार्टी के उम्मीदवार के निजी जीवन और असत्यापित आरोपों के आधार पर अन्य पार्टियों या उनके कार्यकर्ताओं की कोई आलोचना पाई जाती है तो ऐसे विज्ञापन को प्रकाशित एवं प्रसारित करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। इसी प्रकार, किसी भी विज्ञापन में बच्चों का प्रयोग नहीं किया जा सकता। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उम्मीदवार द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले ब्रोशर, पैम्फलेट, स्टिकर आदि पर प्रिंटर का नाम एवं प्रसारित सामग्री की प्रतियों की जानकारी भी देना आवश्यक रहेगा अन्यथा इस संदर्भ में भी उम्मीदवार को रिटर्निंग अधिकारी की ओर से नोटिस भेजा जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी बैठक करने का सुझाव दिया गया ताकि बल्क एसएमएस और वॉइस मैसेज की प्री-सर्टिफिकेशन भी सुनिश्चित हो सके। इसी प्रकार, विशेष संवाददाता पीटीआई शिमला भानू पी. लोहमी ने राजनीतिक दलों से आईटी सेल और उनकी पीआर एजेंसी के साथ बैठक कर विज्ञापनों की प्री-सर्टिफिकेशन और अन्य मामलों पर चर्चा करने का सुझाव दिया। इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए अनुपम कश्यप ने समिति की अगली बैठक एक सप्ताह के भीतर दोबारा आयोजित करने को कहा जिसमें राजनीतिक दलों से आईटी सेल और उनकी पीआर एजेंसी के अतिरिक्त टेलीकॉम कम्पनी एवं प्रिंटिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि लोकसभा चुनाव का सफल निष्पादन किया जा सके। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव रखे। बैठक का संचालन जिला लोक सम्पर्क अधिकारी एवं सदस्य सचिव एमसीएमसी सिंपल सकलानी ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र शर्मा, लेखापरीक्षा अधिकारी भीम चंद ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी पालन को लेकर स्थाई समिति की बैठक आयोजित

चंबा (जगमार्ग न्यूज)। उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आज ज़िला में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी पालन को लेकर स्थाई समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया । उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के तुरंत बाद सभी सार्वजनिक स्थानों में स्थापित राजनीतिक संदेश अथवा राजनीतिक दलों के होल्डिंग्स को हटाने की 48 घंटे की समय सीमा निर्धारित है जबकि निजी संपत्ति में लगे राजनीतिक संदेश तथा होल्डिंग के लिए 72 घंटे की समय सीमा में हटाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार संपत्ति मालिक की अनुमति के बिना उसकी व्यक्तिगत जमीन, भवन, परिसर, दीवार तथा गाड़ी में बैनर लगाने, स्लोगन लिखने, पंपलेट चिपकाने इत्यादि के कार्य नहीं कर सकेंगे। इसके लिए मलिक की लिखित सहमति अनिवार्य रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा जनसभा, जुलूस इत्यादि के आयोजन को लेकर अनुमति लेनी आवश्यक रहेगी। अनुमति सुविधा ऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। बैठक में मुख्य वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरण,पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, उप निदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, प्रारंभिक शिक्षा ज्ञानचंद, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम भारद्वाज,व तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में धीरज नारयल, कपिल भूषण, गोवर्धन आहूजा उपस्थित रहे ।

हिमाचल में रोहतांग समेत चोटियों में हिमपात, प्रदेश के कई भागों में चारों दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे सहित चोटियों में ताजा हिमपात हुआ है। पर्यटन नगरी मनाली में दिन भर बादल छाए रहे। हालांकि मनाली में सुबह धूप खिली थी लेकिन दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और चोटियों में हिमपात का क्रम शुरु हो गया। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम, बारालाचा दर्रों में बर्फ की सफेद परत बिछ गई है। हालांकि मनाली-केलांग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु है। कुल्लू के निचले इलाकों में हल्की बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया है। मौसम विभाग केंद्र शिमला की ओर से 21सो 24 मार्च तक मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। इस दौरान चोटियों पर बर्फबारी हो सकती है। शिमला में न्यूनतम तापमान 8.6, सुंदरनगर 8.4, भुंतर 7.3, कल्पा 1.0, धर्मशाला 11.7, ऊना 8.5, नाहन 13.3, केलांग -5.1, पालमपुर 8.0, सोलन 7.3, मनाली 4.9, कांगड़ा 9.7, मंडी 8.6, बिलासपुर 10.2, चंबा 9.6, डलहौजी 7.8, जुब्बड़हट्टी 11.0, कुफरी 7.3, कुकुमसेरी -1.9, नारकंडा 5.1, भरमौर 6.6, रिकांगपिओ 4.4, सेऊबाग 6.3, धौलाकुआं 10.1, बरठीं 8.7, समदो -0.1, सराहन 7.5 और देहरागोपीपुर में 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर गिरी बड़ी चट्टानें, मार्ग अवरुद्ध

सोलन (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश में कालका शिमला नेशनल हाईवे-5 बड़ोग बायपास के समीप अवरुद्ध हो गया है। यहां लैंडस्लाइड होने से बड़ी-बड़ी चट्टानें सड़क पर आ गिरी। अब बायपास पर कुमारहट्टी से सोलन की ओर वाहनों आवाजाही बंद है। वाहनों को कुमारहट्टी-बड़ोग-सोलन सड़क से डायवर्ट किया गया है। जानकारी के मुताबिक भूस्खलन सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। गनीमत यह रही कि स दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। जिस वक्त लैंड स्लाइड हुआ यहां से कोई भी वाहन नहीं गुजर रहा था। लैंडस्लाइड होने से हाईवे के दोनों तरफ जाम लग गया। भूस्खलन की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही फोरलेन निर्माण कर रही कंपनी को भी भूस्खलन के बारे बताया गया और तुरंत बायपास पर चट्टानों को हटाने के बाद आवाजाही सुचारू करने के लिए कहा गया है।

लोकसभा चुनाव के लिए आबकारी विभाग तैयार

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए अवैध शराब पर रोक तथा मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार या मुफ्त व कीमती धातु, आभूषणों की पेशकश पर रोकथाम लगाने के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर अभियान आरंभ किया गया है। विभिन्न जिलों में 22 अंतरराज्यीय नाके व 59 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। सभी गठित टीमों को चौबीसों घंटे कार्रवाई के लिए चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अवैध शराब तथा कर चोरी के मामलो में जीरो टॉलरेंस की नीति सुनिश्चित की जा सके। आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी डॉ. यूनुस ने सोमवार को बताया कि अवैध शराब के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई प्रदेश भर में की जा रही है ताकि शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस वित वर्ष में विभिन्न जिलों में अब तक 16,718 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है तथा 1,15,666 लीटर लाहन को हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के अनुसार कार्रवाई करते हुए नष्ट किया गया है ।

अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी पदम अजय ठाकुर थे मुख्य अतिथि

बददी (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश के विख्यात लोक कलाकार व गायक एवं नाटी किंग कुलदीप शर्मा को उनके संगीत और कला के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने पर उन्हें प्रतिष्ठित वर्ल्ड बुक आफ रिकॉर्ड यू के लंदन के इंडियन चैप्टर की और से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाडी रहे पदमश्री अजय ठाकुर मुख्यथिति रहे। इस अवसर पर विशेष अतिथि अमित सिंगला सोशल वैल्फेयर सोसाईटी के अध्यक्ष सुमित सिंगला ने भी अपना जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण के रुप में मनाने का निर्णय लिया। सुमित सिंगला ने नाटी किंग कुलदीप शर्मा हिमाचल प्रदेश की माटी से जुडी एक ऐसी विभूति है जिसने लोक गायकी व नाटी को नई ऊंचाईयां प्रदान की है। यह अवार्ड उनको सितंबर 2024 में एक बडे समारोह में प्रदान किया जाएगा। कहा की वर्ल्ड बुक आफ रिकॉर्ड यू.के.लंदन संस्था उन्ही विभूतियों को सम्मानित करती है जिन्होंने अपने क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देकर प्रदेश के साथ देश का नाम रोशन किया हो। सिंगला ने कहा कि कुलदीप शर्मा को छोटी उम्र में यह विश्व स्तर का अवार्ड मिलने से हिमाचल प्रदेश के युवा उनसे प्रेरणा लेंगे और अनुसरण करेंगे। उन्होंने कहा की शीघ्र ही यू के लंदन की संसद में एक भव्य समारोह के दौरान उन्हें ब्रिटिश सांसदों से भी सम्मानित किया जायेगा।

हिमाचल में महिला के घर में सरकारी सीमेंट के 98 बैग बरामद

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल के कुल्लू जिले में बंजार उपमंडल में विजिलेंस की टीम ने पंचायत सचिव महिला के घर में इस्तेमाल हो रहे सरकारी सीमेंट के 98 बैग बरामद किए है। विजिलेंस टीम ने महिला पंचायत सचिव सहित उसके पति के खिलाफ कुल्लू थाना में मामला दर्ज किया है। विजिलेंस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और टीम ने मकान के लेंटर में इस्तेमाल किए जा रहे सीमेंट से भरे 98 बैग बरामद किए, जबकि 29 खाली बैग भी अपने कब्जे में लिए गए हैं। डीएसपी विजिलेंस थाना कुल्लू अजय कुमार ने बताया कि विजिलेंस को गुप्त सूचना मिली थी कि यहां पंचायत सचिव के घर निर्माण में सीमेंट का इस्तेमाल हो रहा है जिसके चलते टीम ने मौके पर जाकर सीमेंट बरामद किया है। ऐसे में पंचायत सचिव कविता और पति महेंद्र सिंह निवासी बर्दा तहसील बंजार ज़िला कुल्लू के खिलाफ आईपीसी की धारा 379, 411, 34 और पीएस एसवी एंड एसीबी के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

लोकसभा चुनाव के लिए बैनर, वाहन, टेंट आदि की दरें तय

मंडी (जगमार्ग न्यूज)। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा प्रचार के लिए इस्तेमाल में लाये जाने वाली वस्तुएं फर्नीचर, टेंट, झंडे, बैनर, वाहन और भोजन आदि की दरें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्धारित कर दी गई हैं। अब उनकी सहमति से यह दरें तय कर दी गई हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इन दरों को प्रत्याशियों को अवगत करवाने का आग्रह किया ताकि वह चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर व्यय करें। उन्होंने प्रचार के दौरान प्लास्टिक मटेरियल का उपयोग न करने के भी निर्देश दिए। अपूर्व देवगन ने इस दौरान आम नागरिकों से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान 50,000 रुपये से अधिक की नकदी या 10,000 रुपये से अधिक का सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की सूरत में संबंधित दस्तावेज या सामान का बिल जरूर साथ रखें। बैठक में एडीसी रोहित राठौर के अलावा कांग्रेस के प्रतिनिधि संजय, भाजपा के प्रतिनिधि करन वीर, आप के प्रतिनिधि चमन लाल और राकेश रावत, बीएसपी के नरेन्द्र कुमार और सीपीआईएम के गोपेन्